विभिन्न राज्यों में आश्वासन योजना के अंतर्गत शामिल ब्लाक

1998. **श्री गोयल सिह जी सोलंकी** : क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने गुजरात, मध्य-प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान के ब्लाकों को आश्वासन योजना में शामिल किया है,

(ख) यदि हां, न शामिल किए गए ऐसे ब्लाकों ऐसे कृषि श्रमिकों के लिये कोई कार्य योजना तैयार की है। जिनके पास दिखाई के स्रोत उपलब्ध नहीं है; और

(ग) क्या सरकार ने इन ब्लॉकों के ऐसे कृषि श्रमिकों के लिए कोई कार्य योजना तैयार की है। जिनके पास सिचाई के स्रोत उपलब्ध नहीं है, और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

राजकीय क्षेत्र और रोजगार मंत्रलय के राज्य मंत्री (श्री बावागौढ़ा पाटील) :

(क) जी, हां।

(ख) सुनिश्चित रोजगार, योजना गुजरात (218) मध्य प्रदेश (459) महाराष्ट्र (298) और राजस्थान (237) के सभी 1212 ब्लाकों में कार्यान्वित की जा रही है। इन ब्लाकों को निधियों की रिलीज के उद्देश्य से उनकी जनसंख्या के आधार पर "क" "ख" और "ग" श्रेणी में बांटा गया है। 40 लाख रूपये 30 लाख रूपये और 20 लाख रूपये प्रति किस्त की दर से केन्द्रीय सहायता क्रमशः क, ख और ग श्रेणी में ब्लाकों को रिलीज की जाती है। ऊपर वर्णित राज्यों में ब्लाकों की विभिन्न श्रेणियों की स्थिति निम्न प्रकार हैः-

	क	ख	ग
गुजरात	19	97	102
मध्य प्रदेश	5	273	181
महाराष्ट्र	74	138	86
राजस्थान	19	152	66

इन ब्लाकों का ब्यौरा अनुपत्र में सलंगन है देखिए परिशिष्ठ – 185 अनुपत्र सं0 50

(ग) सुनिश्चित रोजगार योजना ऐसे समस्त ग्रामीण लोगों के लिये हैं ये इस योजना के क्षेत्र में रहते हैं और यह योजना उन गरीबों के लिये हैं जो मजदूरी रोजगार चाहते हैं परन्तु और कृषि मौसम के दौरान खेल में अन्य सहायक कार्यो अथवा चल रही सामान्य योजना/गैर योजना कार्यो में वे प्राप्त नहीं कर पाते हैं।

(घ) उपरोक्त "घ" के पिरप्रेक्ष्य में प्रश्न ही नहीं उठता।